कम साधन में भी विकास की ओर बढ़ें

केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत सिन्हा ने आइआइएम रांची के छात्रों को किया संबोधित

जासं, रांची : आइआइएम के छात्र-छात्राएं जॉब क्रिएटर बनें। आप यह देखें कि कम साधन में भी विकास की ओर कैसे बढ़ सकते हैं। एग्रीकल्चर को इंडस्ट्रीज के स्वरुप में बदलने में आप अहम भूमिका निभा सकते हैं। ये बातें केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जयंत सिन्हा ने कही। वे शनिवार को आइआइएम रांची के नए बैच के छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले आइआइएम के निदेशक डॉ. शैलेंद्र सिंह ने मंत्री का स्वागत किया। छात्र-छात्राओं के साथ मंत्री का इंटरएक्टिव सेशन भी हुआ जिसमें इन्होंने कई रोचक प्रश्नों के जवाब दिए। जयंत सिन्हा ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप अपने करियर डेवलपमेंट के बारे में सुनना पसंद करेंगे या देश के विकास में आपकी क्या भूमिका होनी चाहिए इस बारे में बात करूं? इस पर सभी विद्यार्थियों ने कहा कि देश के विकास में हमारी भूमिका के बारे में बताएं। इस पर मंत्री ने कहा मुझे उम्मीद थी कि आप अपने करियर के बारे में बात करेंगे, लेकिन देश के डेवलपमेंट की बात कह आपने मेरा दिल जीत लिया। आप जैसे छात्र-छात्राओं पर देश को गर्व है।

प्रबंधन के विद्यार्थियों को संबोधित करते जयंत सिन्हा • जागरण

रूरल इकोनॉमी डेवलप करेगी तभी देश का विकास होगा

मंत्री ने कहा कि आइआइएम के छात्र एग्रीकल्चर में ऐसी सप्लाइ चेन डेवलप करें जिसका फायदा किसान को हो। रूरल इकोनॉमी डेवलप करेगी तो देश आगे बढ़ेगा। इन्होंने डेयरी प्रोडक्शन, फार्म सेटअप की बात की। कहा, ऐसी व्यवस्था करें कि किसान को अधिक से अधिक फायदा हो। एग्रीकल्चर में स्किल डेवलपमेंट की ओर आगे बढ़ा जाए। इसमें मैनेजमेंट के छात्र अहम भूमिका निभा सकते हैं।

Dainik Jagran, 24.06.2018, Pg. 4